# यूपी के 56 से ज्यादा जिले एक्सप्रेसवे से अब सीधे जुड़ेंगे

■ अजित खरे

लखनऊ। यूपी देश का सर्वाधिक एक्सप्रेसवे युक्त जिलों वाला पहला राज्य बनने जा रहा है। राज्य में पांच चालू एक्सप्रेसवे 27 जिलों से होकर गुजर रहे हैं और 29 जिले निर्माणाधीन व निकट भविष्य में बनने वाले एक्सप्रेसवे के दायरे में आने जा रहे हैं। इस तरह आने वाले वक्त में 75 जिलों वाले यूपी के 56 जिलों से विभिन्न एक्सप्रेसवे गुजरेंगे।

देश का एक्सप्रेसवे प्रदेश बन चुके यूपी में इस साल दो नए एक्सप्रेसवे का ऐलान हाल में योगी सरकार ने किया है। इस तरह कुल सात नए एक्सप्रेसवे को सरकार ने स्वीकार करते हुए इसके निर्माण का ऐलान किया है और इनके लिए फंड की व्यवस्था भी की जा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे अगले कुछ ही महीनों में बन कर तैयार हो जाएगा। इस तरह 13 एक्सप्रेसवे राज्य के हर हिस्से को राजधानी लखनऊ व नोएडा व दिल्ली से जोड़ देंगे। अब सोनभद्र से शुरू होकर कोई यात्री विन्ध्य एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे होता हुआ जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए नोएडा दिल्ली तक पहुंच सकता है और चाहे तो पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भी चढ़ सकता है। यह सारे एक्सप्रेसवे यूपीडा बना रहा है।

इन 13 एक्सप्रेसवे के अलावा कई और एक्सप्रेसवे बनाने की योजना है लेकिन उनकी व्यवहारिकता का परीक्षण के बाद उन पर अंतिम निर्णय होगा। इसके अलावा

लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जल्द पूरा कर देगा। खास बात यह कि लखनऊ, प्रयागराज, इटावा, आगरा आजमगढ़ समेत कई जिले ऐसे हैं, जहां से कई एक्सप्रेसवे गुजरेंगे।

**02** साल में एक्सप्रेसवे पर 50 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे

**07** नए एक्सप्रेसवे यूपी के हर हिस्से को लखनऊ, दिल्ली से जोड़ेंगे

■ यूपी आर्थिक औद्योगिक निवेश का बनेगा हब

## चालू एक्सप्रेसवे (5)

- यमुना एक्सप्रेसवे (165 किमी): आगरा, मथुरा, अलीगढ़ गौतमबुद्धनगर (3 जिले)
- आगरा -लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी): आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा,औरया, कन्नौज, कानपुर, हरदोई, उन्नाव व लखनऊ (9 जिले)
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे (340 किमी): लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर,आजमगढ़ व मऊ व गाजीपुर (8 जिले)
- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे (296 किमी): चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन व औरया (5 जिले)
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे (91 किमी) : गोरखपुर, आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, संतकबीर नगर (2 जिले)

## निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे (एक)

- गंगा एक्सप्रेसवे (594 किमी): मेरठ, हापुड़, बुंलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, व प्रयागराज (12 जिले)

## निकट भविष्य में बनने वाले एक्सप्रेसवे (7)

- आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे-पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लिंक एक्सप्रेसवे 60 किमी (1 जिला)
- आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे-गंगा एक्सप्रेसवे वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे 93 किमी .: इटावा, फर्रुखाबाद हरदोई (3 जिला)
- चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे (120 किमी): चित्रकूट- कौशांबी, प्रयागराज (2 जिला)
- झांसी लिंक एक्सप्रेसवे (100 किमी): झांसी -जालौन-2 जिला
- जेवर लिंक एक्सप्रेसवे 76 किमी : नोएडा बुलंदशहर मेरठ (तीन जिले)
- विन्ध्य एक्सप्रेसवे (320 किमी): प्रयागराज, मिर्जापुर, संत रविदास नगर,वाराणसी,चंदौली, व सोनभद्र (5 जिला)
- विन्ध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे (100 किमी): चंदौली -गाजीपुर सोनभद्र-(एक जिला)

